आवासन मंडल को मिला एशियाज़ बेस्ट एंप्लॉयर ब्रांड अवार्ड-2023 तथा आवासन आयुक्त को मिला 'एग्जंपलरी लीडरशिप'अवार्ड

चर्चा में क्यों?

16 अगस्त, 2023 को सिंगापुर के होटल पैन पेसिफिक में हुए एक रंगारंग कार्यक्रम में द वर्ल्ड एचआरडी कॉन्ग्रेस की ओर से राजस्थान आवासन मंडल को एशियाज़ बेस्ट एंप्लॉयर ब्रांड अवार्ड-2023 के खिताब से तथा आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को 'एग्जंपलरी लीडरशिप एंड सीएसआर इनीशिएटिव अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- हर बार की तरह इस बार भी आवासन आयुक्त ने स्वयं न जाकर टीम के वरिष्ठ अधिकारियों को खिताब लेने विदेश भेजा। अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता विजय अग्रवाल और उप-वित्तीय सलाहकार ओपी बुटोलिया ने आयुक्त की ओर से यह सम्मान हासिल किया।
- आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि 4 वर्ष पूर्व तक मंडल को बंद करने की सिफारिश की जाने लगी थी। मंडल के वही अधिकारी अब देश-विदेश में जाकर अलग-अलग क्षेत्रों में अवार्ड बटोर रहे हैं।
- गौरतलब है कि आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की अगुवाई में पिछले चार वर्षों में मंडल को कुल 35 अवार्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, स्कॉच अवार्ड-2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेंसी, नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आई.बी.सी और 'स्टार ऑफ गवर्नेंस-गोल्ड अवार्ड'और नरेडको द्वारा दिये 'रियल एस्टेट कॉन्क्लेव', 'ओएमजी-बुक ऑफ रिकार्ड्स'जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/asia-s-best-employer-brand-award-2023-to-housing-board-and-exemplary-leadership-award-to-housing-commissioner